## सार-समाचार

### नाकाबंदी के दौरान कार से 25 लाख रूपये बरामद किये

**कोटा,** (निसं)। नयापुरा पुलिस टीम ने इलाके में नाकाबंदी के दौरान कार से 25 लाख 50 हजार रूपये बरामद किये है। शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि नयापुरा थानाधिकारी विनोद कुमार मय जाप्ता इलाके के बड़ तिराहे के पास नाकाबंदी कर वाहनों की चैकिंग कर रहे थे, उसी दौरान एरोड्रम चौराहे की ओर से एक कार को रोक कर चैक किया तो कार की पीछे वाली सीट पर काले रंग का बैग मिला, पुलिस टीम ने कार के कागजात की जांच की कार में सवार व्यक्ति ने अपना नाम जिला बूंदी के ढाबी निवासी किशन बैरागी बताया, पुलिस टीम ने कार की पीछे वाली सीट पर मिले बैग की तलाशी ली तो बैग में 25 लाख 50 हजार की नकदी मिली। शहर एसपी ने बताया कि पुलिस टीम ने मौके पर इतनी बढ़ी रकम मिलने पर कार में सवार किशन बैरागी से रूपयो के बारे में पूछताछ की तो व्यक्ति ने कोई संतोषपद् जबाव नहीं दिया और इतनी बढ़ी रकम के संबध में हिसाब कोई जीएसटी बिल, बैंक स्टेटमेन्ट मांगा तो किसी प्रकार का बिल व हिसाब नही देने पर पुलिस टीम ने रकम को संदिग्ध मानते हुए धारा 106 बीएनएसएस के तहत जप्त किया, मामले की जांच की जा रही है।

### अवैध देशी कट्टा मय जिंदा कारतूस सहित आरोपी गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। भीमगंजमंडी पुलिस टीम ने इलाके में गश्त के दौरान कार्यवाही करते हुए अवैध देशी कट्टा मय एक जिंदा कारतूस सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। भीमगंजमंडी थानाधिकारी रामकिशन गोदारा ने बताया कि अवैध हथियारों के खिलाफ उच्च अधिकारियों के निर्देश पर अभियान चलाया जा रहा है। थानाधिकारी ने बताया कि थाने के सहायक उप निरीक्षक जनकराम मय जाप्ता इलाके में गश्त के दौरान देशराज चौराहे से आगे पहुंचे तो एक व्यक्ति पुलिस जाप्ता व गाड़ी को देखकर तेज-तेज कदमों से माला रोड की ओर जाने लगा, पुलिस टीम ने संदेह होने पर उस पैदल जा रहे व्यक्ति को रोका और मौके पर डिटेन कर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से अवैध देशी कट्टा व एक जिंदा कारतूस बरामद किया। पुलिस टीम ने मौके पर आर्म्स एक्ट में कार्यवाही करते हुए नेहरू नगर भीमगंजमंडी निवासी मोहम्मद इमरान उर्फ गोलू (31) को गिरफ्तार किया, पकड़ा गया आरोपी थाने का हिस्ट्रीशीटर भी है, पकड़े गये आरोपी से अनुसंधान जारी है।

### पिकअप असंतुलित होकर पलटी, सात घायल

**कोटा,** (निसं)। हैदाराबाद से इन्द्रगढ़ की ओर जाते समय कोटा-झालावाड़ नेशनल हाइवे 52 पर मंडाना थाना क्षेत्र में पिकअप गाड़ी के असंतुलित होकर पलट जाने का मामला सामने आया है, हादसे में पिकअप में सवार सात लोग घायल हो गये जिसमें महिलाएं बच्चे व युवक शमिल है। हादसे में घायलो को उपचार के लिये अस्पताल मे भेजा गया। मंडाना थानाधिकारी ने बताया कि गोपालपुरा हाईवे पर एक पिकअप वाहन के असंतुलित होकर पलटने की सूचना मिली, जिस पर पुलिस टीम को मौके पर भेजा गया, हादसे में 5-7 लोग घायल हो गये, पिकअप पलटा खाने का कोई कारण सामने नही आया है। वही मंडाना थाने के कांस्टेबल इस्लाम मोहम्मद ने बताया कि पिकअप में सवार लोग जिला बूंदी के इन्द्रगढ़ क्षेत्र के निवासी थे, जो हैदाराबाद से मजदूरी करके वापस घर को लौट रहे थे, इनके साथ कुछ ओर गाड़ियां भी थी। कांस्टेबल ने बताया कि गोपालपुरा हाईवे पर सिंहपुरा नयारोड के समीप पिकअप असंतुलित होकर पलट गई हादसे में घायल महिला, बच्चे व युवको को उपचार के लिये अस्पताल भिजवाया गया।

### संगीता मूदडा व शिल्पा सोमानी सर्वसम्मति से दुबारा बनी जिलाध्यक्ष व जिला सचिव

**बूंदी** (निसं)। जिला माहेश्वरी महिला संगठन के आगामी त्रैमासिक सत्र 2026-29 के लिऐ चुनाव निर्वाचन अधिकारी अनिता लाठी व पर्यवेक्षक उमिला नुवाल के निर्देशन में सम्पन्न हुए । इसमे सर्व सम्मति से दुबारा संगीता मुंदडा के जिलाध्यक्ष व शिल्पा सोमानी को जिला सन्चिव चुना गया। प्रदेश कोषाध्यक्ष किरण लखोरिया व कविता जाजू की विशेष उपस्थिति रही। चयन प्रकिया में केशवरायपाटन, हिण्डोली की सदस्यों की उपस्थिति भी रही। मधु बहेड़िया, पुष्पा बिरला, संतोष दाखेड़ा, सपना मंत्री, लाइ लड्डा , रितु भूतड़ा, गायत्री लाठी, उषा तोषनीवाल, रितु फलोड , भावना धुष्पड़ , लक्ष्मी तोतला, कविता झंवर, रेणु बहेड़िया, नीलम लखोटीया, भारती मालू, अनुमा मण्डोवरा, पूनम काबरा, मोना लाठी, रेखा झंवर, अनुराधा सोनी, मंजू मोदी, नीलम हल्दिया, अनिता माहेश्वरी, ,रानू फलोड ,रेणु बाहेती, पूजा जाजू आदि 50 महिलाओं की उपस्थिति रही। जिलाध्यक्ष ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की बात कही और जिला सचिव ने सभी को धन्यवाद दिया।

### मंडी मे किसान की हुई संदिग्ध मौत

**कोटा,** (निसं)। अनंतपुरा थाना इलाके मे स्थित भामाशाह मंडी में गेंहु बेचने आये किसान की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार बुधवार को झाड़आमली गांव से किसान भामाशाह मंडी में गेहुं बेचने के लिये आया था और मंडी के यार्ड में नीलामी में खड़ा था, कि अचानक किसान हंसराज अचेत होकर गिर गया जिसे वहां मौजूद लोगों ने उपचार के लिये अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। अनंतपुरा थाने के एएसआई घमंडी लाल ने बताया कि झाड़आमली गांव का निवासी किसान हंसराज बैष्णव गांव से भमाशाहमंडी में गेंहु बेचने आया था, मृतक के बेटे ने रिपोर्ट दी उसके पिता घर से मंडी के लिये निकले थे, मंडी में अचेत होकर गिर गये। एएसआई ने बताया कि मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनो को सौंप दिया है, फिलहाल मृत्यु के कारण सामने नही आये पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारण सामने आऐगे, मामला दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### सर्वसम्मति से प्रवीण बने अध्यक्ष

**छबड़ा** (निसं)। यहां के प्रताप नगर स्थित श्रीमंशा पूर्ण हनुमान मंदिर पर वार्षिक बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें सर्वसहमति से सातवीं बार प्रवीण शर्मा को अध्यक्ष बनाया गया। मंदिर समिति सचिव राकेश शर्मा ने बताया कि बैठक में मंदिर के कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश चंदेल द्वारा वर्ष 2025- 26 का वार्षिक लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। यहां कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश चंदेल, सह कोषाध्यक्ष रवि गुप्ता, उपाध्यक्ष रमेश सुमन, कैलाश सोनी, सचिव राकेश शर्मा को बनाया गया। इस अवसर पर कृष्णा गालव, भेरूलाल प्रजापति, रमेश चंद सुमन, नवनीत गालव, राजेंद्र वैष्णव, प्रेमचंद कुशवाह, हरीश नागर, मुरारी भार्गव, संतोष शर्मा, दिनेश कुमार गुप्ता, दीपक जेमिनी, राजाराम मीणा, दीपक भार्गव, सुरेश पारेता, राकेश मालव, राहुल प्रेमी, विष्णु नागर, हरिओम बैरागी, सत्यनारायण वर्मा आदि उपस्थित थे।

### कार्यों को समय पर पूर्ण करने के निर्देश

**छबड़ा** (निसं)। पंचायत समिति के सभागार मे प्रधान हरिओम नागर की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे विकास अधिकारी अभिषेक मीणा, सहायक अभियंता रमेशचंद मेघवाल, सहायक विकास अधिकारी समस्त हरिबल्लभ कुमावत व अमरदीन खान, समस्त तकनीकी टीम, ग्राम विकास अधिकारियों एवं कनिष्ठ सहायको ने भाग लिया। बैठक मे समस्त ग्राम पंचायतो मुख्यमंत्री विकसित ग्राम, शहरी वार्ड अभियान (19 मार्च से 15 मई 2026 तक) विकसित राजस्थान 2047 के सफल क्रियान्वन व समय पर मास्टर प्लान पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश एवं स्वामित्व योजना की प्रगति व ग्राम पंचायतो मे प्रधानमंत्री आवासो की प्रगति एवं स्वच्छ भारत मिशन की प्रगति के संबंध मे भी चर्चा की गई। साथ ही सभी कार्यों को समय पर पूर्ण करने के लिये आवश्यक निर्देश दिये गये।

### कनिष्ठ लेखाकारों को दिया प्रशिक्षण

**कोटा,** (निसं)। हरिश्चन्द्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान के क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र में बुधवार को साधना सप्ताह का समापन किया गया। सप्ताह का उद्देश्य कार्मिकों की कार्य क्षमता में वृद्धि करना था। संस्थान के अतिरिक्त निदेशक बाबू लाल मीना ने कहा कि आईगोट कर्मयोगी प्लेटफार्म सरकारी कार्मिकों के लिए बनाया गया प्लेटफार्म है, जिससे कार्मिक घर बैठे अधिक से अधिक प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। सप्ताह के अन्तर्गत संस्थान के सभी कार्मिकों और कोटा के अलावा बून्दी, बारां, झालावाड़, भरतपुर, भीलवाड़ा, करौली, और सवाई माधोपुर जिलों के विभिन्न विभागों से आए कनिष्ठ लेखाकारों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

# 'औद्योगिक क्षेत्र में विद्युत छीजत की समस्या का त्वरित समाधान करें'

**कोटा,** (निसं)। जिला स्तरीय निर्यात संवर्धन समिति की बैठक बुधवार को जिला कलेक्टर पीयूष समारिया की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में समारिया ने राइजिंग राजस्थान समिट के दौरान हुए एमओयू के तहत भूमि आवंटन के प्रकरणों का चिन्हिकरण कर संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित करते हुए एमओयू को धरातल पर उतारने के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर समारिया ने इंडस्ट्रीयल एरिया में बार-बार विद्युत कटौती एवं ट्रिपिंग की समस्या की शिकायत पर केईडीएल के प्रतिनिधि को निर्देश दिए कि इंडस्ट्रीयल एरिया के उद्योगपतियों से समन्वय स्थापित कर वहां विद्युत छीजत की समस्या का त्वरित स्थाई समाधान करते हुए निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करें। जिला कलेक्टर ने औद्योगिक क्षेत्र में हो रहे अतिक्रमणों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग समन्वय स्थापित करते हुए अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए।बैठक में उद्योगपतियों ने उद्योगों को पर्याप्त पेयजल उपलब्ध नहीं हो पाने की जानकारी देने पर जिला कलेक्टर ने रीको, उद्योग एवं पीएचईडी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इस संबंध में संयुक्त बैठक कर जहां-जहां पानी की समस्या आ रही है उन्हें चिन्हित कर उद्योगों की डिमाण्ड के आधार पर पानी की उपलब्धता त्वरित रूप से सुनिश्चित कराएं।

बैठक में औद्योगिक क्षेत्र में अतिक्रमण होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र हरिमोहन शर्मा ने गत् बैठक में लिए गए निर्णय एवं पालना रिपोर्ट से जिला कलेक्टर को अवगत कराया। उन्होंने राइजिंग राजस्थान समिट के दौरान अब तक किए गए एमओयू की प्रगति के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। बैठक में एसएसआई एसोसिएशन के गोविंद राम मित्तल, आरएम रीको मनोज कुमार जैन, सहित केडीए, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, कृषि विभाग,केईडीएल, जेवीवीएनएल, एग्रीकल्चर मार्केटिंग, पदाधिकारी उपस्थित रहे।



जिला स्तरीय निर्यात संवर्धन समिति की बैठक कलेक्टर पीयूष समारिया की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

# जेईई मेन, मैथ्स ने उलझाया, केमिस्ट्री बनी स्कोर का सहारा

**कोटा,** (निसं)। इंजीनियरिंग प्रवेश के लिए देश की सबसे बड़ी परीक्षा जेईई मेन 2026 का अप्रैल सत्र बुधवार को संपन्न हो गया। इस बार पेपर कुल मिलाकर मॉडरेट स्तर का रहा, लेकिन तीनों विषयों के बीच कठिनाई का संतुलन साफ दिखाई दिया। जहां मैथ्स ने छात्रों को सबसे ज्यादा उलझाया, वहीं केमिस्ट्री ने राहत दी और फिजिक्स ने संतुलन बनाए रखा।

मोशन एजुकेशन के फाउंडर और एजुकेटर नितिन विजय के अनुसार जेईई मेन का अप्रैल अटेम्प्ट सिर्फ ज्ञान की ही नहीं, बल्कि धैर्य और रणनीति की भी परीक्षा साबित हुआ। जिन छात्रों ने सही समय प्रबंधन, प्रश्न चयन और सटीकता पर ध्यान दिया, वही बेहतर प्रदर्शन कर पाए। परीक्षा ने यह स्पष्ट कर दिया कि सिर्फ पढ़ाई नहीं, बल्कि परीक्षा के दौरान निर्णय लेने की क्षमता भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। सबसे ज्यादा चर्चा मैथ्स सेक्शन की रही। 2, 4 और 6 अप्रैल की शिफ्ट्स में मैथ्स ने छात्रों को सबसे ज्यादा चुनौती दी। सवाल न केवल कठिन थे बल्कि काफी लंबे भी थे। कैलकुलस, वेक्टर और 3डी ज्योमेट्री से अधिक प्रश्न पूछे गए, जिनमें कई सवाल ऐसे थे जिन्हें हल करने में 5 से 7 मिनट तक लग गए। इसका सीधा असर छात्रों के टाइम मैनेजमेंट पर पड़ा। हालांकि स्टेटिस्टिक्स और प्रॉबेबिलिटी जैसे टॉपिक्स ने थोड़ी राहत जरूर दी, लेकिन कुल मिलाकर मैथ्स ने स्कोर को सीमित करने का काम किया।

फिजिक्स सेक्शन अपेक्षाकृत संतुलित और स्कोरिंग रहा। 5 और 6 अप्रैल की शिफ्ट्स में कुछ सवालों में कॉन्सेप्ट की गहराई जरूर देखने को मिली, लेकिन अधिकांश प्रश्न सीधे फॉर्मूला आधारित थे। मॉडर्न फिजिक्स, इलेक्ट्रोमैग्नेटिक्स और थर्मोडायनामिक्स से प्रमुख सवाल आए। जिन छात्रों ने पिछले वर्षों के प्रश्नपत्रों का अभ्यास किया था, उनके लिए यह सेक्शन आसान साबित हुआ। लगभग 80 प्रतिशत सवाल ऐसे थे जिन्हें अच्छी प्रैक्टिस के आधार पर तेजी से हल किया जा सकता था। केमिस्ट्री ने एक बार फिर छात्रों को संभालने का काम किया। यह सेक्शन सबसे आसान और समय बचाने वाला रहा। ऑर्गेनिक केमिस्ट्री में मैकेनिज्म आधारित सवाल थे, जबकि इनऑर्गेनिक में केमिकल बॉन्डिंग और एनसीईआरटी आधारित सीधे प्रश्न पूछे गए।

फिजिकल केमिस्ट्री के सवाल सीमित रहे और मुख्य रूप से इंटीजर टाइप में आए। एनसीईआरटी की लाइन-बाय-लाइन तैयारी करने वाले छात्रों ने इस सेक्शन को बेहद कम समय में पूरा कर लिया, जिससे उन्हें अन्य विषयों के लिए अतिरिक्त समय मिला। अगर जनवरी और अप्रैल सत्र की तुलना करें तो प्रतिस्पर्धा का स्तर इस बार अधिक ऊंचा नजर आया। फिजिक्स और केमिस्ट्री का पैटर्न लगभग समान रहा, लेकिन मैथ्स में सवालों को अधिक घुमाकर और कॉन्सेप्ट आधारित तरीके से पूछा गया। इससे यह साफ संकेत मिलता है कि केवल रटने से काम नहीं चलेगा, बल्कि गहरी समझ और विश्लेषणात्मक क्षमता जरूरी हो गई है।

इस परीक्षा से छात्रों के लिए तीन बड़े सबक निकलकर सामने आए हैं। पहला, स्मार्ट सिलेक्शन-मैथ्स के लंबे सवालों को शुरुआत में हल करने के बजाय अंत के लिए छोड़ना अधिक फायदेमंद है। दूसरा, केमिस्ट्री में सफलता का सीधा रास्ता एनसीईआरटी से होकर जाता है, जहां से लगभग 90 प्रतिशत प्रश्न पूछे गए। और तीसरा, नियमित अभ्यास-यदि छात्र 70 से 80 प्रतिशत सिलेबस को गहराई से समझकर समय प्रबंधन के साथ तैयारी करते हैं, तो 98 से 99 परसेंटाइल हासिल करना पूरी तरह संभव है।

# युवक की हत्या का हुआ खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

- पुरानी रंजिश को लेकर की थी हत्या
- लाडपुरा इमली चौक का मामला

**कोटा,** (निसं)। रामपुरा कोतवाली थाना इलाके में पुरानी रंजिश के चलते मंगलवार देर रात्रि को चाकू से हमला कर एक युवक की हत्या का मामला सामने आया है। मामले में पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार घटनाक्रम रामपुरा इलाके के लाड़पुरा इमली चौक में हुआ, जिसमें एक बदमाश ने युवक की उसकी आंखों में मिर्ची झोंकी और उस पर चाकू से ताबड़तोड़ वार किये।

हमलवार हमला कर मौके से फरार हो गया युवक को गंभीर रूप से घायलावस्था में एमबीएस अस्पताल में भर्ती कराया, जहां युवक ने देर रात दम तोड़ दिया। पुलिस ने बुधवार को मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। शहर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिलीप सैनी ने बताया कि रामपुरा इलाके के लाडपुरा इमली चौक में युवक की हत्या का मामला सामने आया, मामले में मृतक के भाई ने रामपुरा कोतवाली में रिपोर्ट दी।

फरियादी ने रिपोर्ट में कहा कि मंगलवार रात्रि को उसका भाई सलमान अपने बच्चे को लेकर घुम रहा था, तभी मोन्टु उर्फ सोहेल वहां आया और उसके भाई सलमान को रोककर उसकी ऑखो में मिर्ची डाल दी और उस पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिये, हमले में घायल उसके भाई सलमान की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई।

शहर एएसपी ने बताया कि फरियादी की रिपोर्ट पर हत्या की धारा में मामला दर्ज किया गया, मामले को गंभीरता से लेते हुए हमलावर की तलाश के लिये पुलिस उप अधीक्षक लोकेन्द्र पालीवाल के सुपरविजन में रामपुरा कोतवाली महेन्द्र मारू के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया, गठित टीम ने कड़ी मेहनत करते हुए आरोपी की गिरफ्तारी के लिये संभावित स्थानों पर दबिश दी। पुलिस टीम ने तकनीकी आधार व मुखबीर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए युवक की हत्या के आरोपी लाड़पुरा निवासी सोहेल उर्फ मोन्टु (25) को गिरफ्तार किया। शहर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिलीप सैनी ने बताया कि मामले में पकड़े गये आरोपी ने पूछताछ में बताया कि पुरानी मारपीट की रंजिश के चलते हत्या की वारदात स्वीकारा, आरोपी से अनुसंधान जारी है।

# 334 किलो डोडा-चूरा व 3 किलो अफीम बरामद, छह आरोपी गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। उप नारकोटिक्स आयुक्त नरेश बुंदेल ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि पंजाब के रजिस्ट्रेशन नंबर वाला एक ट्रक झारखंड से मथुरा होते हुए पंजाब तक भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा ले जा रहा है। उक्त सूचना पर केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीबीएन) कोटा के अधिकारियों की एक टीम बनाई गई और टीम को रवाना किया गया। गठित टीम को एएनटीएफ जयपुर और भरतपुर द्वारा तकनीकी सहायता और कर्मचारी उपलब्ध कराए गऐं। टीम ने संदिग्ध रास्ते पर कड़ी निगरानी रखी गई और अधिकारियों द्वारा वाहन की सफलतापूर्वक पहचान करने के बाद ट्रक को उसके आगे चल रही पायलटिंग वाहन के साथ राया गांव के पुल के पास रोक लिया गया। रोकने की प्रक्रिया के दौरान, आगे चल रही कार में बैठे लोगों ने गाड़ी नहीं रोकी और सरकारी वाहन को टक्कर मारी, जिस पर सीबीएन के अधिकारी ने 2 राउंड गोलियां चलाईं, कार का टॉयर पंक्चर कर दिया और सफलतापूर्वक कार को रोक लिया। टीम ने मौके पर तलाशी ली तो ट्रक में ऊपर से ढकने वाले माल (कवर कार्गो) के तौर पर रसायनों के बैग रखे हुए थे। लगातार पूछताछ करने पर, ट्रक में बैठे व्यक्ति ने खुलासा किया कि डोडा चूरा को ट्रक में ऊपर रखे माल के नीचे छिपाकर लाया गया था। टीम ने वाहन की गहन तलाशी ली गई और कुल 334.750 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा के 26 प्लास्टिक बैग बरामद किए गए। कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद, ट्रक और कार एवं बरामद माल को जप्त कर एनडीपीएस एक्ट में कार्यवाही करते हुए छह व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। आगे की जांच प्रक्रिया जारी है। उप नारकोटिक्स आयुक्त ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति अवैध अफीम की तस्करी करने वाला है और वह शामगढ़ से गरोठ की ओर जा रहा था, ताकि अफीम की यह खेप किसी अन्य तस्कर को सौंपी जा सके। उक्त सूचना पर केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीबीएन), कोटा के अधिकारियों की एक टीम गठित की गई और उस संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ने के लिए मौके पर भेजा गया। टीम ने कड़ी निगरानी के दौरान, वह संदिग्ध व्यक्ति जो शामगढ़ की तरफ से आ रहा था, तभी संदिग्ध व्यक्ति ने अपनी मोटरसाइकिल रोक दी और मौके से फरार हो गया। टीम ने मौके पर मोटरसाईकिल की तलाशी ली तो बाईक के बैग से 3.154 किलोग्राम अवैध अफीम बरामद की गई।

# कोटा में मातृशक्ति सम्मेलन सम्पन्न

**कोटा,** (निसं)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, कोटा महानगर की ओर से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होनें के अवसर पर शताब्दी वर्ष के क्रम में मातृशक्ति प्रमुख जन गोष्ठी का आयोजन बुधवार को तलवंडी स्थित राजकीय आयुर्वेदिक योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा महाविद्यालय में रखा गया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता पेसिफिक यूनिवर्सिटी उदयपुर के कुलगुरु एवं अखिल भारतीय स्वदेशी जागरण संयोजक आदरणीय भगवती प्रसाद रहे, गोष्ठी की अध्यक्षता कृषि विश्वविद्यालय, कोटा कुलगुरु विमला ने की साथ ही मंच पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कोटा महानगर के संघ चालक गोपाल लाल गर्ग भी उपस्थित रहे। कृषि विश्वविद्यालय, कोटा कुलगुरु विमला ने राजमाता अहिल्याबाई होल्कर के जीवन से नेतृत्व, रानी लक्ष्मी बाई से व्यक्तित्व की प्रेरणा लेने बताया। जिस प्रकार जीजा बाई ने शिवाजी को तैयार उसी प्रकार माताओं को बालको को मोबाइल से दूर राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करना चाहिए। मुख्य वक्ता पेसिफिक यूनिवर्सिटी कुलगुरु भगवती प्रसाद ने बताया की जीजाबाई ने अपने शिवाजी का निर्माण कर पेशवा काल में भगवा की स्थापना की रानी अहिल्या बाई ने अपने राज कौशल से सेनापति के माध्यम महिला नेतृत्व किया। दशरथ के द्वारा दिए गए वचनों की रक्षा के लिए कौशल्या ने राम को वन जाने के लिए कहा। राम को श्रीराम बनने की प्रेरणा देने वाली भी माँ रही।



कोटा में मातृशक्ति सम्मेलन का आयोजन किया गया।

# रामगंजमंडी जर्नलिस्ट वेलफेयर सोसायटी की नई कार्यकारिणी का गठन

**रामगंजमंडी,** (निसं)। स्थानीय जर्नलिस्ट वेलफेयर सोसायटी (पत्रकार संघ) की एक बैठक सोसायटी कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में पुरानी कार्यकारिणी का कार्यकाल समाप्त होने पर चर्चा के साथ ही नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से रवि मेहरा को अध्यक्ष व मनीष जैन को कोषाध्यक्ष चुना गया। सोसायटी के संरक्षक महेंद्र जैन की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में चुनावी प्रक्रिया के दौरान अध्यक्ष पद के लिए केवल रवि मेहरा और कोषाध्यक्ष पद के लिए मनीष जैन का ही आवेदन प्राप्त हुआ। किसी अन्य दावेदार के न होने पर रवि मेहरा को अध्यक्ष और मनीष जैन को निर्विरोध कोषाध्यक्ष घोषित कर दिया। अध्यक्ष चयन के पश्चात नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई, जिसमें राजू राठौर को संरक्षक नियुक्त किया गया। कार्यकारिणी में संरक्षक महेंद्र जैन, राजू राठौर, अध्यक्ष रवि मेहरा, महासचिव युवराज देवड़ा, उपाध्यक्ष शाकिर मोहम्मद एवं सुनीता यादव, कार्यालय व मीडिया प्रभारी जय शर्मा तथा कार्यकारिणी सदस्य एजाज अहमद, मनीष मेवाड़ा, तपन वर्मा, प्रहलाद बैरागी एवं राधेश्याम राठौर बने। निवर्तमान अध्यक्ष जितेंद्र जोशी ने नई टीम का स्वागत करते हुए सभी पदाधिकारियों को बधाई दी और संगठन के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर अजयराज सिंह और इमरान अहमद राणा को संगठन की नई सदस्यता भी प्रदान की गई।

# लाड़ो प्रोत्साहन योजना की जानकारी दी

**बून्दी** (निसं)। महिला अधिकारिता विभाग, बूंदी द्वारा आयोजित पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान जागृति सप्ताह के तहत मंगलवार को महरारानी बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में महिलाओं एवं बालिकाओं को विभिन्न विभागीय योजनाओं के प्रति जागरूकता गतिविधियां आयेजित की गई।

सहायक निदेशक भैरू प्रकाश नागर के निर्देशन केंद्र की सोशल काउंसलर अक्षिता मिश्रण एवं सलोनी शर्मा ने बालिकाओं को शिक्षा सेतु योजना एवं लाडो प्रोत्साहन योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने योजनाओं के उद्देश्य, पात्रता, लाभ एवं आवेदन प्रक्रिया को सरल एवं सहज भाषा में समझाते हुए बालिकाओं को इन योजनाओं का अधिकतम लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। साथ ही बाल विवाह से संबंधित कानूनों की जानकारी देते हुए इसके दुष्परिणामों पर प्रकाश डाला गया तथा बालिकाओं को इसके प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान संबंधित हेल्पलाइन नंबर भी बालिकाओं के साथ साझा किए गए, ताकि आवश्यकता पड़ने पर वे तुरंत सहायता प्राप्त कर सकें।


**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा श्रीमती शांति देवी पत्नी स्व. श्रीचंद आयु 67 वर्ष निवासी म.नं. 485 बसन्त विहार, केशवपुरा-9, कोटा, राज. का छोटा पुत्र कमलेश मोदी पुत्र स्व. श्रीचंद आयु 33 वर्ष निवासी म.नं. 485 बसन्त विहार, केशवपुरा-9, कोटा, राज. हाल निवासी सीकर रोड, इण्डस्ट्रीयल एरिया, बडागांव, जयपुर-राज. है और कमलेश मोदी तथा उसकी पत्नी गौरा एवं उनकी संताने कान्हा और नन्दिनी जो किसी भी प्रकार से मेरी पक्षकारा व उसके परिवारवालों के बिल्कुल भी कहने में नहीं है और परिवार में न्यूसेन्स उत्पन्न कर मनमर्जी करते है चूंकि मेरी पक्षकारा एक सभ्रान्त परिवार की सीनियर सिटीजन व बुजुर्ग महिला है और कमलेश मोदी एवं उसकी पत्नी व बच्चों द्वारा अपने दायित्व एवं कर्तव्यों का निर्वहन नहीं करने तथा अपनी जिम्मेदारियों एवं परिवार के प्रति उनका व्यवहार उचित नहीं होने के कारण मेरी पक्षकारा कमलेश मोदी, गौरा एवं कान्हा तथा नन्दिनी को अपनी संपूर्ण चल-अचल सम्पत्ति एवं निजी जीवन से सदैव के लिये बेदखल करती है अब मेरी पक्षकारा का कमलेश मोदी, गौरा, कान्हा, नन्दिनी से भविष्य में मेरी पक्षकारा से कोई संबंध नहीं है । सूचित हों ।

भवदीय,
**पुरुषोत्तम दाधीच, एडवोकेट**
मो.नं. 9636259295



**कार्यालय नगर निगम, कोटा, राजस्थान**

क्रमांक-ननिकोटा/उपा.रा./2026/1087-88 दिनांक- 8.4.26

**सार्वजनिक आपत्ति सूचना**

सर्व साधारण को जर्ये आम सूचना सूचित किया जाता है कि श्री संदीप पाडिया पुत्र श्री श्रवण कुमार पाडिया, निवासी बी-302-303, दीपश्री संग-संग ग्रीन, ट्रक यूनियन, एमबीएस रोड, अनन्तपुरा, कोटा में नगर निगम कोटा की होटल/रेस्टोरेन्ट/मैस उपविधि 2016 के अनुसार "MUKUNDRA SAROVAR PREMIERE HOTEL" प्लाट नं. आर-3, (रिसोर्ट कॉर्नर), पण्डित मदन मोहन मालवीय नगर, कोटा में होटल संचालन करने की अनुमति चाही गई है ।

इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस की अवधि में राजीव गांधी भवन नगर निगम कोटा के ब्लॉक ''ए'' के प्रथम तल के कमरा नं. 238 में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें । समयावधि पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी तथा उपविधि 2016 के अनुसार कार्यवाही प्रस्तावित कर दी जावेगी ।सूचित हो ।

**उपायुक्त राजस्व नगर निगम, कोटा**



**कार्यालय नगर परिषद बारां**

क्रमांक : नपबा/भूमि रूपां/2025/ **भू उपयोग परिवर्तन विज्ञप्ति** दिनांक :

नगरीय विकास विभाग की समय समय पर जारी परिपत्र/अधिसूचना के तहत बनाये गये राजस्थान नगरीय क्षेत्र (भू उपयोग परिवर्तन नियम) के अन्तर्गत सर्व साधारण को किया जाता है कि निर्धारित प्रक्रिया अनुसार निम्न प्रकरण का भू-उपयोग परिवर्तन हेतु जिला स्तरीय/राज्य स्तरीय भू-उपयोग परिवर्तन समिति में रखा जाना प्रस्तावित है । उक्त भूमि के भू-उपयोग परिवर्तन बाबत किसी को आपत्ति हो तो 15 दिवस में नगर परिषद कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है । प्रकरण का विवरण निम्नानुसार है ।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | राजस्व ग्राम खसरा नं. | जोनल प्लान (जॉन बी) में भू-उपयोग | प्रस्तावित भू-उपयोग परिवर्तन | क्षेत्रफल | विशेष विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री नीरज गोयल पुत्र मनमोहन गोयल निवासी चूडी मार्केट बारां तह. व जिला बारां (राज.) | बारां खसरा नं. 997 भूखंड संख्या निल मेला ग्राउन्ड बारां | सड़क मार्गाधिकार के बाद मिश्रित पश्चात आवासीय | आवासीय से व्यवसायिक | 19.23 वर्गमीटर | |

RajKaj Ref No. : 21389661

**आयुक्त नगर परिषद बारां**



**राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा**

क्रमांक 22 **जाहिर आम सूचना** दिनांक-2.4.26

आवास संख्या 4-के-17 रंगबाडी, कोटा का आवंटन मण्डल द्वारा श्री राम स्वरूप मीणा पुत्र श्री जयलाल मीणा को किया गया था । उक्त आवास का पंजीयन श्री राम स्वरूप मीणा पुत्र श्री जयलाल मीणा द्वारा दिनांक 08.01.2008 को अपने पक्ष में करवाया जा चुका है । पंजीयन उपरांत श्री राम स्वरूप मीणा पुत्र श्री जयलाल मीणा द्वारा उक्त आवास का बेचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 25.08.2010 को श्रीमती सीमा परिहार पत्नी श्री आनन्द परिहार को किया गया । श्रीमती सीमा परिहार पत्नी श्री आनन्द परिहार का नाम विक्रय पत्र के आधार पर दिनांक 26.12.2012 को मंडल अभिलेख में दर्ज किया जा चुका है । मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्रीमती सीमा परिहार पत्नी श्री आनन्द परिहार की मृत्यु दिनांक 28.04.2021 को हो चुकी है। इनकी मृत्यु उपरांत इनके वारिसानों में इनके पुत्रों श्री कनिष्क कुमार परिहार एवं श्री प्रिन्स परिहार द्वारा उक्त आवास में निहित अपने अविभाजित हिस्से का त्याग जरिये रिलीज डीड आलेखित कर दिनांक 16.02.2026 को इनके पिता श्री आनन्द कुमार परिहार पुत्र श्री रामेश्वर लाल परिहार के पक्ष में किया गया । श्री आनन्द कुमार परिहार पुत्र श्री रामेश्वर लाल परिहार द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 4-के-17 रंगबाडी, कोटा का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन अपने नाम आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बंधक पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं हक त्याग पत्र (रिलीज डीड) के आधार पर करने हेतु आवेदन किया गया ।

अतः उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बंधक पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं हक त्याग पत्र (रिलीज डीड) के आधार पर श्री आनन्द कुमार परिहार पुत्र श्री रामेश्वर लाल परिहार के नाम करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें अन्यथा यह मानते हुए कि उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्री आनन्द कुमार परिहार पुत्र श्री रामेश्वर लाल परिहार के नाम किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्री आनन्द कुमार परिहार पुत्र श्री रामेश्वर लाल परिहार के नाम कर दिया जावेगा ।

**उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा**



**कार्यालय नगर निगम, कोटा, राजस्थान**

राजीव गांधी भवन, दशहरा मैदान, सी.ए.डी. सर्किल कोटा, राजस्थान

E-mail :- nnkota@gmail.com, website :- www.kotamc.org , Phone No. 0744-2502142

क्रमांक :– ननिको / फायर / 2026 / 26–38 दिनांक :– 02.04.2026

**–:: ई–निविदा संशोधन सूचना 01 ::–**

नगर निगम कोटा के अग्निशमन अनुभाग द्वारा जारी ई–निविदा संख्यना 2025–26 क्रमांक 557–569 दिनांक 19 मार्च 2026 की तिथियों एवं तकनिकी बिड प्रपत्र की शर्तो में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है। इन्छुक संवेदक/आवेदक उक्त निविदा से सम्बन्धित संशोधन सूचना प्रपत्र, तकनिकी बिड संशोधन प्रपत्र नगर निगम कोटा की वेबसाईट http://kotamc.org.com, http://sppp.raj.nic.in, http://eproc.rajasthan.gov.in से देख व प्राप्त कर सकेंगे ।

| क्र. सं. | विवरण | पूर्व में दिनांक | संशोधित दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा डाउनलोड करने की तिथि | 27.03.2026 से 06.04.2026 तक | 27.03.2026 से 08.04.2026 तक |
| 2 | निविदा अपलोड करने की तिथि | 27.03.2026 से 06.04.2026 तक | 27.03.2026 से 08.04.2026 तक |
| 3 | ई.एम.डी / निविदा शुल्क / प्रोसेसिंग फीस प्राप्त करने की तिथि | 07.04.2026 (कार्यालय समय) | 09.04.2026 (कार्यालय समय) |
| 4 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि | 08.04.2026 (प्रातः 11.00 बजे) | 10.04.2026 (प्रातः 11.00 बजे) |
| 5 | वित्तीय बिड खोलने की तिथि | तकनिकी बिड़ पर प्रशासनिक निर्णय के उपरान्त। | तकनिकी बिड़ पर प्रशासनिक निर्णय के उपरान्त। |

**नोट** :– तकनिकी बिड प्रपत्र के बिन्दु संख्या 11 पर वर्णित शर्त " पी.एफ. एवं ई.एस.आई. की पंजीयन के प्रमाण पत्र की प्रति ।" एवं बिन्दु संख्या 14 पर वर्णित शर्त "अनुबंधित श्रमिक नियमन एवं अधिनियम 1970 ,राजस्थान दुकान एवं वाणिज्यिक संस्थापन अधिनियम 1958 या इण्डियन पार्टनरशिप एक्ट 1932 के अंतर्गत या इण्डियन कम्पनी एक्ट 1956 के अंतर्गत पंजीकृत संबंधी प्रमाण पत्र की प्रति" को विलोपित किया जाता है ।

शेष यथावत रहेगा ।

राज.संवाद / सी / 26 / 473 उपायुक्त (फायर)